- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य बजट वर्ष 2023-24 में महत्वाकांक्षी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के लिए 13 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की है।
- जल जीवन मिशन में 11,255 करोड़ रुपये लागत की 3 वृहद् पेयजल योजनाएं बनेंगी
- अमृत 2.0 योजना में 183 शहरों या कस्बों में पेयजल वितरण व्यवस्था हेतु 5,122 करोड़ रुपये खर्च होंगे
- विभिन्न शहरों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगभग 980 करोड़ रुपये खर्च होंगे
- उदयपुर शहर में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु देवास तृतीय एवं चतुर्थ बांधों का 1,691 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कराया जाएगा

## राजस्थान बजट 2023-24 में ऊर्जा

- बाड़मेर में 1,100 मेगावाट का लिग्नाइट आधारित पावर प्लांट लगभग 7,700 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा
- 11 हजार मेगावाट क्षमता के अक्षय ऊर्जा आधारित प्लांट विकसित होंगे
- अक्षय ऊर्जा की निकासी हेतु भड़ला बीकानेर में बल्क पावर कॉरिडोर विकसित होगा
- भड़ला और बीकानेर में 400-400 केवी सब स्टेशन, 220 केवी के 6 सब स्टेशन, 132 केवी के 15 नए सबस्टेशन बनेंगे

## राजस्थान समसामयिकी – 12 फरवरी 2023

## खेलो इंडिया में उदयपुर निवासी युग चेलानी ने जीते 5 मेडल

- उदयपुर निवासी युग चेलानी ने खेलो इंडिया प्रतियोगिता में तीन गोल्ड और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते ।
- 5 मेडल जीतने वाले युग चेलानी **राजस्थान के पहले खिलाड़ी** है ।

## राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन

- **"राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव"** का आयोजन बीकानेर में 25 फरवरी 2023 से 5 मार्च 2023 तक किया जाएगा ।
- इस महोत्सव में 27 फरवरी 2023 को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू बीकानेर आएंगी ।
- इस समारोह में देशभर के करीब 1000 कलाकार आएंगे ।

## श्री महावीरजी (करौली) में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का रेलवे स्टेशन

- केंद्र सरकार द्वारा **श्री महावीरजी (करौली)** में अंतरराष्ट्रीय स्तर का रेलवे स्टेशन के निर्माण के लिए मंजूरी मिली है ।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

[November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs]
[December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs]
[January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs]

### जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का विवाह

- राजस्थान में जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का विवाह संपन्न हुआ।

### नागौर के खींवसर फोर्ट में शैनेल - अर्जुन का विवाह

- नागौर के खींवसर फोर्ट में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी शैनेल और कनाडा मूल के n.r.i. अर्जुन भल्ला की शादी हुई।

## राजस्थान समसामयिकी – 13 फरवरी 2023

### जोधपुर एम्स में हुआ राजस्थान का पहला निशुल्क लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट

- जोधपुर एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) और दिल्ली के इंस्टिट्यूट ऑफ लीवर एंड बिियलरी साइंसेज (ILBS) की ग्रेस्टोसर्जिकल टीम ने राजस्थान का पहला निःशुल्क लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट किया ।

### 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन में प्रो. नंद किशोर सम्मानित

- फिजी में 12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन 15 से 17 फरवरी 2023 तक आयोजित किया जाएगा ।
- इस सम्मेलन में 12 भारतीय विद्वानों एवं दो हिंदी की संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा ।
- राजस्थान विश्वविद्यालय के हिंदी के प्रोफेसर नंद किशोर पांडे को भारत के विदेश मंत्री तथा फिजी के उपस्थित प्रमुख अधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा ।

### हरित प्रदेश के तहत "राजस्थान ग्रीनिंग रिविल्डिंग मिशन" की शुरुआत

- राजस्थान को हरित प्रदेश बनाने के लिए "राजस्थान ग्रीनिंग रिविल्डिंग मिशन" शुरू किया जाएगा ।
- राजस्थान वानिकी तथा जैव विविधता विकास परियोजना के तहत 1694 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न कार्य होंगे ।
- प्रत्येक जिले में 1 - 1 लव कुश वाटिका विकसित हो गई जमवारामगढ़, जयपुर में इंटीग्रेटेड रिसोर्से रिकवरी पार्क विकसित होगा ।

### वाह फेस्ट 2023 महोत्सव का आयोजन

- श्रुति फाउंडेशन की ओर से "वाह फेस्ट 2023 महोत्सव" का आयोजन 3 से 6 फरवरी 2023 को **रामगढ़ शेखावटी** में किया गया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 14 फरवरी 2023

### पेंशनधारियों के लिए राजएसएसपी (RAJSSP) मोबाइल एप लॉन्च

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने 13 फरवरी 2023 को पेंशनधारियों के लिए राजएसएसपी मोबाइल एप लॉन्च किया।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

**November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs**
**December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs**
**January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs**

- पेंशनधारियों के लिए यह सुविधा प्रदान करने वाला राजस्थान भारत में पहला राज्य हैं।
- राजस्थान में लगभग 94 लाख पेंशनर को यह सुविधा मिलेगी।
- पेंशनधारियों के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन राजएसएसपी मोबाइल एप से होगा ।

### असम राज्य के राज्यपाल - गुलाबचंद कटारिया

- राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को केंद्र सरकार ने असम राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया है ।

### संदीप मेहता - गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

- राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता को **गुवाहाटी** हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है ।

### जयपुर में "हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर" विकसित

- राजस्थान में आम लोगों को परमाणु बिजली के प्रति जागरूक करने के लिए जयपुर में "हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर" विकसित किया जाएगा ।
- इसके लिए विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्रीमती जाहिदा खान की उपस्थिति में राज्य सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच यह हॉल स्थापित करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए ।

### स्टार्टअप में सर्वाधिक नौकरियां देने वालों में राजस्थान टॉप 10 में

- स्टार्टअप में सर्वाधिक नौकरियां देने वालों में महाराष्ट्र नंबर एक पर है जबकि राजस्थान दसवें नंबर पर है।
- राजस्थान के स्टार्टअप्स ने 11640 नौकरियां दी है।

### राजस्थान में साइबर क्राइम सेल बनाई गई

- राजस्थान में पहली बार अलग से साइबर क्राइम सेल बनाई गई है।
- इसके लिए रवि प्रकाश मेहरा को डीजी जंगा श्रीनिवास डीजी ट्रेनिंग।
- दिनेश एमएन एडीजी क्राइम बनाया है।

## राजस्थान समसामयिकी – 15 फरवरी 2023

### वीर दुर्गादास राठौड़ का पैनोरमा

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मसूरिया पहाड़ी, जोधपुर में वीर दुर्गादास राठौड़ की स्मृति में पैनोरमा के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है ।

### 5 वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान का चौथा स्थान

- भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित 5 वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान का चौथा स्थान रहा ।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

- 5 वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन भोपाल में 31 जनवरी 2023 से 11 फरवरी 2023 तक हुआ ।

1. **महाराष्ट्र - 161 पदक** (स्वर्ण पदक - **56**, सिल्वर पदक - **55**, कांस्य पदक - **50**)
2. **हरियाणा - 128 पदक** (स्वर्ण पदक - **41**, सिल्वर पदक - **32**, कांस्य पदक - **55**)
3. **मध्यप्रदेश - 96 पदक** (स्वर्ण पदक - **39**, सिल्वर पदक - **30**, कांस्य पदक - **27**)
4. **राजस्थान - 48 पदक** (स्वर्ण पदक - **19**, सिल्वर पदक - **10**, कांस्य पदक - **19**)

## 5 वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के मेडल जीतने वाले खिलाड़ी -

- **स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी** -
- महेंद्र सरन, (ट्रेक साइक्लिंग 10 मीटर स्क्रेच रेस, टीम राजस्थान, ट्रेक साइक्लिंग टीम स्प्रिंट), सुष्मिता (लोग जंप), किरण (डिस्कस थ्रो), मुकेश कुमार कस्वा (रोड साइक्लिंग 28 किमी. टाइम ट्रायल), लविश सहारन (जूडो 73 किग्रा.), कपिश सिंह (तीरंदाजी रिकर्व), ईशा गुर्जर (बॉक्सिंग 60-63 किग्रा.)
- **रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी** -
- मुकेश कस्वा (3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट), माघवेंद्र सिंह (110 मीटर हर्डल), सुमित कुमार (डिस्कस थ्रो), देवांशी कटारा (10 मीटर एयर रायफल), युग चेलानी (तैराकी 200 मीटर व्यक्तिगत मेडल), माधवी सिंह (रोपमलखंब), अजय कुमार (रिकर्व स्पर्धा), रोहित (हैंगिग मलखंभ), कल्पना (बॉक्सिंग 57-60 किग्रा)
- **कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी** -
- भाविका (सेरी सोती), सरयू (कलारीपयटटू), लव कुमार (ट्रैक साइक्लिंग 200 मीटर स्प्रिंट), लव कुमार (कीरिंग रेस, वॉलीबॉल), सिद्धांत (शॉटपुट), युग चैलानी (तैराकी 400 मीटर मेडल, परमाराम साइक्लिंग 28 किमी. टाइम ट्रायल), रविना विश्नोई (20 किमी. टाइल ट्रायल), आकाश कुमार (जूडो 66 किग्रा., बॉक्सिंग) यामिनी कंवर (45-48 किग्रा.), अंजू (54- 57 किग्रा.), रीना (70-75 किग्रा.), स्नेहा (66-70 किग्रा.), विश्वास मलिक (60-63.5 किग्रा.)

## अजमेर में MDSU का 10 वां दीक्षांत समारोह

- अजमेर में MDS यूनिवर्सिटी के 10 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 15 फरवरी 2023 को होगा ।
- इस समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री कलराज मिश्र होंगे ।
- इस दीक्षांत समारोह में 2018 से 2022 तक की डिग्रियां और गोल्ड मेडल दिए जाएंगे ।

## 71 वीं सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान ने जीता गोल्ड मेडल

- गुवाहाटी में आयोजित 71 वीं सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दुष्यंत जाखड़ की कप्तानी में राजस्थान की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने 42 साल बाद गोल्ड मेडल जीता ।
- राजस्थान में इससे पहले 1981 में फरीदाबाद नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था ।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

## सवाई मानसिंह स्टेडियम (SMS) को मिला टेनिस का क्ले कोर्ट

- सवाई मानसिंह स्टेडियम में 14 फरवरी 2023 को टेनिस क्ले कोर्ट का उद्घाटन किया गया ।
- इस टेनिस क्ले कोर्ट को 11 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है ।
- इससे पहले छह सिंथेटिक कोर्ट है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 16 फरवरी 2023

## यूनाईटेड किंगडम के सांसद श्री बॉब ब्लैकमेन की विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी से मुलाकात

- यूनाईटेड किंगडम के सांसद श्री बॉब ब्लैकमेन ने **15 फरवरी 2023** को विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी से शिष्टाचार **मुलाकात** की।
- श्री ब्लैकमेन वर्ष 2010 से हैरो ईस्ट सीट से संसद में कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य हैं ।
- तथा पूर्व में अन्य कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

## राजस्थान की बेटी मूमल मेहर चर्चा में

- क्रिकेट खलने वाली मूमल मेहर राजस्थान के **बाड़मेर जिले के शेरपुरा कानासर गांव** की रहने वाली है।
- मूमल मेहर की बैटिंग देखकर क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने भी तारीफ की ।
- Moomal Mehar रातों रात सबकी जुबान पर आ गई हैं। क्योंकि मूमल की बैटिंग देखकर हर कोई उससे प्रभावित हो रहा है।
- मूमल मेहर की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने व आगे सतत् खेल कौशल का विकास करने के लिए रूमा देवी सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृत्ति के तहत सालाना 25 हजार की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 17 फरवरी 2023

## बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर के 33 ब्लॉकों के लिए 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी ममता एक्सप्रेस'

- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादी लाल मीणा के निर्देशानुसार बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर के 33 ब्लॉकों के लिए 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी ममता एक्सप्रेस' शुरू की जा रही है ।
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी ममता एक्सप्रेस से दुर्गम क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होगी ।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा 2021-22 के तहत 100 ममता एक्सप्रेस वाहन नियोजित किए जाने थे, जिसके तहत पूर्व में ही 67 ममता एक्सप्रेस एम्बुलेंस वाहनों को नियोजित किया जा चुका है।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

## राजस्थान में प्री-प्राइमरी कक्षाओं में पहली बार शिक्षा का अधिकार

- राजस्थान सरकार प्रदेश के गैर- सरकारी स्कूलों की प्री-प्राइमरी कक्षाओं में सत्र 2022-23 में प्रवेश सुनिश्चित कराएगी।
- इसके लिए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत् यह लॉटरी 15 फरवरी 2023 को शिक्षा संकुल में निकाली गई।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बारां में सहरिया संग्रहालय

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सहरिया जनजाति की विशिष्ट संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 16 फरवरी 2023 को बारां में सहरिया संग्रहालय स्थापित करने की घोषणा की है।
- साथ ही शाहबाद-बारां में खेल स्टेडियम व छात्रा - छात्राओं के लिए खेल छात्रावास प्रारंभ किए जाएंगे।

## दौसा में पपीते का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- बहरावण्डा (सिकराय, दौसा) में **पपीते का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस** स्थापित किया जाना प्रस्तावित है ।

## शहीद मेजर शैतान सिंह स्मारक में म्यूजियम का निर्माण

- राजस्थान के जोधपुर जिले में शहीद मेजर शैतान सिंह स्मारक में म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा ।

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -**

- मेजर शैतान सिंह का जन्म - **1 दिसंबर 1924 को बाणासुर, जोधपुर** में हुआ था ।
- 1962 भारत-चीन युद्ध में शहीद हुए मेजर शैतान सिंह को वर्ष 1963 परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया ।
- राजस्थान के परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर सैनिक मेजर शैतान सिंह तथा मेजर पीरू सिंह शेखावत के नाम पर अंडमान निकोबार के दीपों का नाम रखा जाएगा ।

## विज्ञान संचार के लिए तरूण जैन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

- विभाग के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एम. मोहंती के पत्र के अनुसार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 फरवरी को विज्ञान भवन दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय समारोह में जयपुर निवासी तरूण जैन को "राष्ट्रीय पुरस्कार" से सम्मानित किया जाएगा ।

## भारतीय सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने जीता एएचएफ प्रेसिडेंट कप

- भारत की महिला टीम ने अम्मान में खेला गया एएचएफ प्रेसिडेंट कप जीता ।
- इस टीम में राजस्थान की पूजा कंवर, प्रिया कंवर राठौड़ और चंपा शामिल थी ।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

### राजस्थान में पहला ईवी चार्जिंग कोरिडोर शुरू

- राजस्थान का स्टेट ईवी कॉरिडोर 16 फरवरी 2023 को शुरू हो गया ।
- बीपीसीएल / BPCL द्वारा 5 वें चार्जिंग कोरिडोर को दिल्ली - हरियाणा - राजस्थान nh-8 के रास्ते में विकसित किया गया है ।
- दिल्ली - रेवाड़ी - जयपुर और उदयपुर में बीपीसीएल रिटेल आउटलेट पर स्टेशन को वर्चुअल लांच किया गया ।
- उपयोगकर्ता हेलोबीपीसीएल ऐप के माध्यम से अपनी पहली स्वचालित चार्जिंग कर रहे हैं ।

## राजस्थान समसामयिकी – 18 फरवरी 2023

### नरेंद्र मोदी द्वारा जल - जन अभियान का वर्चुअल शुभारंभ

- आबू रोड स्थित ब्रह्मकुमारी संस्थान (सिरोही) से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 16 फरवरी 2023 को राजस्थान में जल - जन अभियान की शुरुआत की गई ।
- जल - जन अभियान का उद्देश्य वाटर हार्वेस्टिंग के साथ पौधे लगाना और लोगों को प्रेरित करना है ।
- इस अभियान के तहत 8 महीने में देशभर में 10,000 कार्यक्रम होंगे इस दौरान 5000 जलाशय, कुआं, बावड़ी का संरक्षण किया जाएगा ।

### राजस्थान में देश के पहले हाईटेक व निःशुल्क पशु पक्षी हॉस्पिटल और मोबाइल ट्रोमा सेंटर का शुभारंभ

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 14 फरवरी 2023 को बारां जिले में देश के पहले हाईटेक व निशुल्क पशु पक्षी हॉस्पिटल और मोबाइल ट्रामा सेंटर का शुभारंभ किया ।

### SMS स्टेडियम में राजस्थान का पहला इंटरनेशनल स्टैंडर्ड स्विमिंग पूल

- सवाई मानसिंह स्टेडियम (SMS), जयपुर में राजस्थान का पहला इंटरनेशनल स्टैंडर्ड स्विमिंग पूल मार्च से शुरू होगा ।
- इस स्विमिंग पूल की लंबाई 50 मीटर और चौड़ाई 20 मीटर है ।
- यह स्विमिंग पूल 8 लाइन में होगा ।
- और इस स्विमिंग पूल की गहराई 4 से 7 फीट है ।
- इंटरनेशनल स्टैंडर्ड स्विमिंग पूल की 15 से 17 लीटर पानी की क्षमता है।

## राजस्थान समसामयिकी – 19 फरवरी 2023

### अजमेर में विश्व की सबसे ऊंची ऊंट की प्रतिमा

- राजस्थान के अजमेर जिले (पुष्कर) में विश्व की सबसे ऊंची 100 मीटर की ऊंट की प्रतिमा लगाई जाएगी ।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

- राज्य सरकार 1 मार्च 2023 से 500 करोड़ रुपए की लागत से इस योजना का प्रारंभ करेगी ।
- **देश का पहला नेट जीरो ग्रीनटाउन पुष्कर (अजमेर)** में बनेगा ।
- पुष्कर देश का पहला ऐसा नेट जीरो ग्रीन टाउन होगा जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होगा ।
- यह पूरा शहर सफेद रंग में दिखेगा ।
- जगतपिता ब्रह्मा की पुष्कर सरोवर में 60 फीट ऊंची सफेद पत्थर की मूर्ति बनेगी ।
- और सावित्री जी की पुष्कर सरोवर में 50 फीट ऊंची सफेद पत्थर की मूर्ति बनेगी ।

## राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल के तीसरे चरण का शुभारंभ

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने **19 फरवरी 2023** को जोधपुर के उम्मेद स्टेडियम में 1800 करोड़ की राजीव गांधी लिफ्ट नहर के तृतीय चरण परियोजना का शिलान्यास किया।
- इस परियोजना से जोधपुर, बाड़मेर और पाली जिलों को पेयजल मिलेगा।
- परियोजना का कार्य वर्ष 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

## मानसी तिवारी ऑल इंडिया खो - खो में बनी चैंपियन

- राजस्थान की मानसी तिवारी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो चैंपियनशिप में विजेता रही ।
- वर्तमान में मानसी तिवारी पंजाब यूनिवर्सिटी से अपनी पढ़ाई कर रही है इसलिए उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी टीम का प्रतिनिधित्व किया।

## राजस्थान समसामयिकी – 20 फरवरी 2023

## इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे और रेलवे सुरक्षा बल की बैठक 21 फरवरी को

- इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (यूआईसी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा तीन दिवसीय 18 वीं विश्व सुरक्षा कांग्रेस का आयोजन 21 फरवरी को जयपुर में आयोजित होगा।
- **नोट** - पिछले साल धन्य सृष्टि अभियान के तहत आरपीएफ ने देश भर में ट्रेनों में तस्करी के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन पर लॉस घूम रहे 17,000 से अधिक बच्चे बचाए थे।
- ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान आईजी डीबी कसार नहीं शुरू किया था।

## राजस्थान के लाल देवकरण कारगिल में शहीद

- मलसीसर स्थित बुरड़क की ढाणी झुंझुनूं निवासी देवकरण 19 फरवरी 2023 को बैटल कैजुअल्टी में शहीद हो गए।
- 15 रेजिमेंट के जेसीओ देवकरण की पोस्टिंग सियाचिन में थी ।

## जियो हेरिटेज साइट संरक्षण के लिए कार्य योजना

- भू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जियो हेरिटेज साइटों का संरक्षण किया जाएगा।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

[November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs]
[December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs]
[January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs]

- किशनगढ़ की नेफ्लीन साइनाइट एवं ब्यावर पाली से जुड़ी सेंदड़ा ग्रेनाइट साइट्स को जियो हेरिटेज साइट के रूप में रखा गया है।
- किशनगढ़ नेफेलिन साइनाइट 1590 से 1890 लाख साल पहले हुई टेक्टोनिक एक्टिविटी से बना है।

### सुपोषित बचपन अभियान

- धौलपुर कलेक्टर अनिल अग्रवाल ने नवाचार करते हुए "सुपोषित बचपन अभियान" शुरू किया।
- जिसका उद्देश्य था 6 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ बेहतर संस्कार देना है तथा समय के साथ बदलते परिवेश में ढालना भी है।

### उदयपुर की चित्रकूट पहाड़ी चर्चा में

- उदयपुर की चित्रकूट पहाड़ियों पर भीषण आग लगने से सैकड़ों पेड़ पौधे जलकर राख हुए।
- इसीलिए चित्रकूट पहाड़ी उदयपुर चर्चा में है
- यहां पर पिछले वर्ष भी आग लगी थी।

### सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी ने दिया इस्तीफा

- महेश जोशी के पास मुख्य सचेतक का पद और जलदाय (पीएचईडी) मंत्री का पद भी था जिसके कारण उन्होंने मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया है।
- महेश जोशी को नवंबर 2021 में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया तथा उन्हें जलदाय विभाग सौंपा गया था।

## राजस्थान समसामयिकी – 21 फरवरी 2023

### आयुक्त पवन अरोड़ा को ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड

- देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी संस्था ने **20 फरवरी 2023** को राजस्थान आवासन मण्डल के आयुक्त श्री पवन अरोड़ा को 'ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप' अवार्ड और टाइम्स समूह की वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस ने 'विजनरी लीडर' से सम्मानित किया है ।
- पिछले चार वर्षों में राजस्थान आवासन मण्डल को कुल 12 अवार्ड मिल चुके हैं।
- इनमें स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आईबीसी और स्टार ऑफ गवर्नेंस गोल्ड अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

### बब्बर शेरनी सुहासिनी कोटा अभेडा पार्क में शिफ्ट

- नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क जयपुर से सुहासिनी बब्बर शेरनी को अभेडा पार्क, कोटा में 20 फरवरी 2023 को शिफ्ट किया गया है।

BIGTEST.IN

Bigtest.in
Rajasthan Gk | Hindi |Online Test | Psychology

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

## विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा का अनावरण

- विश्व की सबसे ऊंची 369 फीट की शिव प्रतिमा "विश्वास स्वरूपत" का लोकार्पण 29 अक्टूबर 2022 को नाथद्वारा राजसमंद के गणेश टेकरी में किया गया ।
- 25 साल तक सुरक्षित रहने वाले इस प्रतिमा का डिजाइन आईआईटी रुड़की के सीनियर प्रोफेसर ने बनाया ।
- विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा के मूर्तिकार नरेश कुमार है ।
- तत पद्य उपवन संस्थान, नाथद्वारा के ट्रस्टी मदन पालीवाल द्वारा प्रतिमा का निर्माण करवाया गया है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 22 फरवरी 2023

## मंगला के कुंओ से तेल उत्पादन में कमी

- राजस्थान में तेल का उत्पादन 5 साल पहले की तुलना में कम हो गया और प्राकृतिक गैस का उत्पादन 5 साल पहले की तुलना में दोगुना हो गया है ।
- राजस्थान में मंगला के कुंओ से 5 साल में 50000 बैरल प्रतिदिन तेल का उत्पादन कम हो गया है ।
- अब तक 895 कुंओ में से 925 लाख मैट्रिक टन तेल निकाला गया है ।
- वर्ष 2018-19 के अनुसार तेल का उत्पादन 1.45 से 1.55 लाख मेट्रिक टन प्रतिदिन था ।
- और वर्ष 2022 -23 के अनुसार तेल का उत्पादन 0.97 से 1.00 लाख मेट्रिक टन प्रतिदिन हो गया है ।
- राजस्थान में बाड़मेर सांचौर बेसिन में 38 तेल और गैस फील्ड खोजे गए है ।
- और प्राकृतिक गैस का उत्पादन 5 साल पहले की तुलना में दोगुना हो गया है ।
- वर्ष 2018-19 के अनुसार 22 से 24 लाख मेट्रिक टन गैस प्रतिदिन निकल रही थी ।
- और वर्ष 2022-23 के अनुसार गैस की क्षमता 42 से 47 मेट्रिक टन प्रतिदिन है ।
- वर्ष 2018-19 में तेल और गैस उत्पादन से 3883.22 करोड़ का राजस्व मिला था ।
- वर्ष 2022 -23 में तेल और गैस उत्पादन से 3960.22 करोड़ का राजस्व मिला ।
- राजस्थान को सबसे पहले तेल और गैस से राजस्व 1996 - 97 स्थान में में मिलना शुरू हुआ था ।
- पहली बार 25 लाख रुपए की आय हुई थी ।
- उसके बाद 2013-14 में अब तक के सबसे अधिक 5953.11 करोड़ रुपए का राजस्व मिला ।
- और हाल ही में औसतन 4 हजार करोड़ रुपए सालाना राजस्व मिल रहा है ।

## अल्बर्ट हॉल का 137 वां स्थापना दिवस

- अल्बर्ट हॉल की न्यूज़ 6 फरवरी 18 सितंबर को रखी गई थी।
- आम लोगों के लिए अल्बर्ट हॉल 21 फरवरी 1887 को खोला गया।
- 21 फरवरी 2023 को अल्बर्ट हॉल का 137 वां स्थापना दिवस मनाया गया।
- अल्बर्ट हॉल में मिस्र की मम्मी 322 ईसवी पूर्व।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

- ईरानी गार्डन कारपेट 1632 ईसवी का है।
- अल्बर्ट हॉल संग्रहालय में प्रतिमाएं चौथी शताब्दी शताब्दी तक की है।
- तथा इसमें उत्तर मध्यकालीन अस्त्र-शस्त्र लघु चित्र में काष्ठ कलाएं पुरानी मुद्राओं का डिस्प्ले किया हुआ है।

### राजस्थान रैंकिंग मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता

- राजस्थान रैंकिंग मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता 1 मार्च से 5 मार्च तक कोटा में आयोजित होगी।
- इस प्रतियोगिता में 35 से 75 आयु वर्ग के प्रतियोगी भाग ले सकेंगे।
- राजस्थान के लगभग 30 जिलों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
- इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान बैडमिंटन टीम में चयन किया जाएगा।
- चयनित टीम गोवा में 19 से 26 मार्च तक होने वाली राष्ट्रीय मास्टर से रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।
- राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव केके शर्मा है।

## राजस्थान समसामयिकी – 23 फरवरी 2023

### मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना में अब पूरे सप्ताह पौष्टिक दूध

- सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को अब आगामी वित्त वर्ष से 2 दिन से बढ़ाकर पूरे सप्ताह दूध पिलाया जाने की घोषणा की है।
- मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के लिए वर्ष 2023-24 का बजट 1000 करोड रुपए करने की घोषणा की गई है।
- कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को 15 ग्राम पाउडर मिल्क से डेढ़ सौ मिलीलीटर ।
- कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को 20 ग्राम पाउडर से 200 मिलीलीटर दूध तैयार करो प्राप्त करवाया जाता है।
- बाल गोपाल योजना के लिए पाउडर मिल्क राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (आरसीडीएफ) द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है।

### खेलो इंडिया वुमन्स नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता

- **जयपुर में "खेलो इंडिया वुमन्स नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता"** का आयोजन 23 फरवरी 2023 तक होगा ।
- इस प्रतियोगिता में देश भर की महिलाएं हिस्सा ले रही है ।
- जयपुर में खेलो इंडिया वुमन्स नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता का उद्घाटन शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी डी कल्ला एवं खेल राज्यमंत्री श्री अशोक चांदना ने किया ।

### आर्चरी खिलाड़ी रजत चौहान ने बनाई भारतीय टीम में

- सांगानेर (जयपुर) के निवासी रजत चौहान ने आर्चरी में भारतीय टीम में जगह हासिल की है।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

**November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs**
**December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs**
**January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs**

- रजत चौहान भारत के एकमात्र पुरुष खिलाड़ी है जिसने वर्ल्ड चैंपियनशिप की कंपाउंड स्पर्धा में व्यक्तिगत रजत पदक जीता है ।
- ये भारत की पहले खिलाड़ी है जिन्होंने 360 में से 360 स्कोर हासिल किया था ।

### डॉक्टर ऋचा के रिसर्च पेपर को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

- इंदौर के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्री पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग में पोस्ट ग्रेजुएट द्वितीय वर्ष की छात्रा जयपुर की डॉक्टर रिचा नागर को उनके एक्स्ट्रा टेरेस्ट्रियल डेंटिस्ट्री पर फ्यूचरिस्टिक साइंस पेपर पर प्रतिष्ठित "**आईएसडीआर प्रोफेसर टीआर सरस्वती पुरस्कार**" से सम्मानित किया गया है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 24 फरवरी 2023

### राजस्थान में अमृतसर बठिंडा जामनगर एक्सप्रेस वे पर सौर ऊर्जा प्लांट

- राज्य से गुजरने वाले अमृतसर बठिंडा जामनगर एक्सप्रेसवे के किनारों पर राज्य के 3 जिलों में 11 सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित होंगे।
- राज्य के 3 जिलों हनुमानगढ़ बीकानेर और जोधपुर में सोलर पावर प्लांट विकसित किए जाएंगे।
- योजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस हाईवे के किनारे सोलर पैनल लगेंगे।
- जोधपुर डिस्कॉम और नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- सौर कृषि आजीविका योजना (pm-kusum) के तहत इनसे 27.43 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।
- हनुमानगढ़ के कोला गांव बीकानेर जिले के मल्कीसर गोपाल यान रोड नौरंगदेसर एवं रासीसर गांव तथा जोधपुर के बिकमकोर गांव में सोलर प्लांट स्थापित होंगे।

### निर्माण विश्वविद्यालय एवं रूस की यूनिवर्सिटी के मध्य एलओआई पर हस्ताक्षर

- निर्माण विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर प्रशांत बेनीवाल और एच एस यूनिवर्सिटी सेंट पिट्सबर्ग रूस के डायरेक्टर एन्ना त्यशेत्स्काया ने लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए हैं।

## राजस्थान समसामयिकी – 25 फरवरी 2023

### महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में राजस्थान प्रथम स्थान पर

- महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 1 वर्ष में सर्वाधिक 31 करोड़ मानव दिवस सृजित कर राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है ।

### राजस्थान पर्यटन को मिले दो अवार्ड

- नई दिल्ली में आयोजित टूरिज्म एंड सर्वे अवार्ड समारोह में राजस्थान को "बेस्ट इमर्जिंग डेस्टिनेशन" और "मोस्ट सीनिक रोड अवार्ड" के लिए चुना गया है ।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

- देश की सबसे दर्शनीय सड़कों की श्रेणी में राजस्थान में **उदयपुर से जोधपुर** सड़क को अवार्ड मिला है ।
- केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्य सरकार के पर्यटन विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ को अवार्ड प्रदान किए ।

## क्रिकेटर मूमल मेहर को 2.5 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

- राज्य सरकार ने राजस्थान के बाड़मेर जिले के कानासर गांव की उभरती क्रिकेटर सुश्री मूमल मेहर को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में 2.5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है ।

## श्रीगंगानगर में पहली चिरंजीवी ग्राम पंचायत

- श्रीगंगानगर जिले में ग्राम पंचायत भादवावाला में पहली "चिरंजीवी ग्राम पंचायत' घोषित हुई है ।
- इस ग्राम पंचायत में सभी परिवार मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़ गए हैं ।

## डॉक्टर पाराशर "अटल फिजियोथैरेपी सेवा अवार्ड" से सम्मानित

- **जयपुर** के वरिष्ठ न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर अमित पाराशर को फरीदाबाद में मानव रचना इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित इंटरनेशनल फिजियोथैरेपी कॉन्फ्रेंस फिजियोथैरेपी में राष्ट्रीय स्तर पर फिजियोथैरेपी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अवार्ड दिया गया।

## जोधपुर के हस्तशिल्प कबाड़ से जुगाड़ के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध डॉक्टर अजय का नाम इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

- जोधपुर के हस्तशिल्प निर्यातक डॉ अजय का द्वारा बनाए गए सी वर्ल्ड के लिए उन्हें यह पुरस्कार मिला है।
- यह पुरस्कारों ने 141 देशों के बीच चुने गए समाचारों के लिए मिला है।
- इन्होंने कबाड़ से सी वर्ल्ड बनाया।
- जलीय जीवो आदि को सी वर्ल्ड में शामिल किया।

## राजस्थान समसामयिकी – 26 फरवरी 2023

## स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 19 वा दीक्षांत समारोह

- बीकानेर जिले में 25 फरवरी 2023 को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के 19 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया ।
- इस समारोह में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 1857 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान दी ।

## कोटा पुलिस के डॉग "स्कॉच" को मिला ब्रॉन्ज मेडल

- कोटा पुलिस में शामिल डॉग स्कॉच (बेल्जियम शेफर्ड) ने नेशनल पुलिस ड्यूटी मीट में ब्रॉन्ज मेडल जीता है ।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

- 
- राजस्थान पुलिस को 14 साल बाद नेशनल इवेंट में यह पदक मिला है ।

## कोटा में चंबल रिवर फ्रंट पर क्रोको होगा शुभंकर

- राजस्थान के कोटा जिले में चंबल रिवर फ्रंट का शुभंकर क्रोको होगा ।
- घड़ियाल सेंचुरी के निकट होने के कारण इसके शुभंकर (logo) में क्रोकोडाइल को लिया गया है ।
- गन मेटल क्रोको के 5 मॉडल बनाए गए हैं ।
- इन्हें पानी के स्तर से 70 फीट ऊंचाई पर लगाया जाएगा ।

## चंबल किनारे बसे शहरों को जोड़ेगा - "अटल प्रोग्रेस वे"

- राजस्थान, मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश में चंबल के किनारे बसे शहरों को रोड ट्रांसपोर्ट से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे "अटल प्रोग्रेस वे" कोटा व बांरा जिले में 71.4 किलोमीटर लंबा बनेगा ।
- अटल प्रोग्रेस वे उत्तर प्रदेश के इटावा से शुरू होकर मध्यप्रदेश के भिंड मुरैना से होते हुए कोटा जिले के खतौली से राजस्थान में प्रवेश करेगा ।
- यहां से बांरा जिले में कराड़िया व सिमलिया के बीच में खत्म होगा ।
- अटल प्रोग्रेस वे (फोर लेन) की कुल लंबाई 408 किलोमीटर है तथा राजस्थान में 71.4 किलोमीटर है ।

## बीकानेर में राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव का शुभारंभ

- **बीकानेर** जिले में 14 वें राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव का शुभारंभ 25 फरवरी 2023 को हुआ ।
- जूनागढ़ से लेकर करणी सिंह स्टेडियम तक रैली में देश के 28 राज्य और 6 केंद्र शासित प्रदेशों से आए 500 कलाकारों ने अपने अपने राज्य की संस्कृति को प्रदर्शित किया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 27 फरवरी 2023

## जयपुर में "रोज शो 2023" का आयोजन

- **जयपुर** के सिटी पार्क में "रोज शो 2023" का आयोजन 26 फरवरी 2023 को किया गया ।
- इस आयोजन में 400 से अधिक किस्म के रंग-बिरंगे गुलाबों का प्रदर्शन किया गया।

## रक्तदान अमृत महोत्सव

- रक्तदान अमृत महोत्सव के दौरान प्रदेश में 698 शिविर में 32518 यूनिट रक्त एकत्रित कर राजस्थान देश में टॉप 5 में शामिल हो गया।
- रक्तदान में मध्यप्रदेश पहले तथा राजस्थान दूसरे नंबर पर है।

## राजस्थान को खो खो लीग के शुभंकर सुल्तान का पोस्टर विमोचन

- जून में होने वाले राजस्थान खो खो मेगा इवेंट के लिए शुभंकर "सुल्तान" के पोस्टर का विमोचन 26 फरवरी 2023 को किया गया।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

- राजस्थान को खो खो लीग का मेगा इवेंट में 8 टीमों के 200 खिलाड़ी 10 दिन में 13 मैच खेलेंगे।

### ताइक्वांडो में प्रद्युमन खेलेगा नेशनल

- राजस्थान स्टेट ताइक्वांडो सिलेक्शन ट्रायल 2023 के तहत विभिन्न वर्गो की प्रतियोगिताएं हुई।
- सब जूनियर कंपटीशन में प्रद्युमन यादव ने गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है

### जूनियर महिला कुश्ती में अंकिता कंवर ने जीता गोल्ड

- लुनियावास जयपुर की रेसलर अंकिता कंवर शेखावत ने सीकर में हुई राज्य स्तरीय जूनियर महिला कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है।
- अंकिता कंवर ने गोल्ड मेडल बेहतर किलोग्राम केटेगरी के फ्रीस्टाइल कुश्ती में जीता है।
- अंकिता कंवर अब नेशनल खेलेगी।

## राजस्थान समसामयिकी – 28 फरवरी 2023

### उदयपुर में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलेगा 'सेव लाइफ' अभियान

- उदयपुर जिला प्रशासन, इकॉन ग्रुप, पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'सेव लाइफ' अभियान 1 मार्च 2023 से चलाया जाएगा।
- यह अभियान 1 मार्च से शुरू होगा और 31 मार्च तक चलेगा।
- इस अभियान का **उद्देश्य जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाना** है।
- इस अभियान के तहत प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जाएगा।

### श्रीगंगानगर में 30 पीएसए "दूसरी चिरंजीवी ग्राम पंचायत"

- **श्रीगंगानगर** जिले की रायसिंहनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 30 पीएसए दूसरी चिरंजीवी ग्राम पंचायत घोषित हुई है।
- जिला कलक्टर श्री सौरभ स्वामी ने बताया कि 30 पीएसए में कुल परिवार 631 है, जिसमें से 314 खाद्य सुरक्षा के पात्र परिवारों का प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।
- नोट - **श्रीगंगानगर** जिले में ग्राम पंचायत भादवावाला पहली "चिरंजीवी ग्राम पंचायत' घोषित हुई है ।

### पाली जिला प्रशासन द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नवाचार

- **पाली जिला प्रशासन** द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए गए नवाचार के तहत 27 फरवरी 2023 को वर्ष 2021-22 को 10 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 मेधावी छात्राओं को हवाई यात्रा कराई गई।
- यह छात्राएं जोधपुर से हवाई उड़ान भरकर जयपुर पहुंची।

BIGTEST.IN

# February Month 2023 Rajasthan Current Affairs in Hindi

November 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
December 2022 Complete month Rajasthan Current Affairs
January 2023 Complete month Rajasthan Current Affairs

- यहां शहर के बिड़ला मंदिर, जलधारा, सेन्ट्रल पार्क, अल्बर्ट हॉल म्यूजियम सहित अन्य ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी किया।

## राहुल ने 18 दिन में फतह की माउंट अकोन्कागुआ

- जयपुर के पर्वतारोही राहुल बेरवा ने 18 दिन में दक्षिण अमेरिका महाद्वीप की हाईएस्ट माउंटेन माउंट अकोन्कागुआ (6962 मीटर) को फतह किया है ।
- राहुल बेरवा ने 2 फरवरी 2023 को यह यात्रा शुरू की थी ।

## हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर गैलरी

- साइंस पार्क में ऑडियो विजुअल और मॉडल्स के जरिए न्यूक्लियर पावर को समझाने के लिए "हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर गैलरी" बनाई जा रही है ।
- हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर गैलरी राजस्थान की पहली और देश की चौथी गैलरी होगी ।
- इस गैलरी को तैयार करने का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा के प्रति लोगों के दृष्टिकोण को बेहतर बनाना, तथ्यों को एक साथ जोड़ना और उन्हें आसान तरीके से विजिटर्स तक पहुंचाना है ।
- इस गैलरी का निर्माण कार्य 2018 में शुरू किया गया था ।
- 13 फरवरी 2023 को न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड मुंबई के साथ एमओयू हुआ है ।

## डॉ. दीपा सिंह वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल

- अर्थ स्किन एंड फिटनेस की निदेशक डॉ. दीपा सिंह को क्लिनिकल कॉस्मेटोलॉजी मेडिकल एसथेटिक्स और लेजर के क्षेत्र में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन में शामिल किया गया है ।
- मेडिकल लेजर और क्लिनिकल कॉस्मेटोलॉजी में अधिकतम संख्या में प्रक्रियाएं करने के लिए डॉ. दीपा सिंह को "विश्व रिकॉर्ड" से सम्मानित किया गया है ।

**Important Links**

Rajasthan Daily Current Affairs

Rajasthan Latest Job Alert

Science More Important Topics you can click here

Hindi More Important Topics you can read here

Rajasthan GK More Important Topics click here

Psychology More Important Topics you can read here

BIGTEST.IN